प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में 8 में से सिर्फ चार नगर निगमों में चुनाव हुए हैं और इन्हें विधानसभा चुनाव से पहले सेमीफाइनल कहना गलत है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रदेश में लगभग दो हज़ार चार सौ पंचायतों में कांग्रेस समर्थित प्रधान जीते हैं लेकिन पंचायत की असली ताकत वार्ड मेम्बर की होती है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रधान, उपप्रधान और सभी वार्ड मेम्बर का एकजुट होना ज़रूरी है। उन्होंने इन चुनावों को सत्ता का सेमीफाइनल_मानने से इंकार किया।

पंजाब में हिमाचल की गाड़ियों से खालसा टैक्स वसूलने के सवाल पर राजस्व मंत्री ने कहा कि इस तरह की अवैध वसूली पूरी तरह गलत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे लेकर पंजाब सरकार के साथ बातचीत की है और इस मामले को उचित स्तर पर उठाया जा रहा है।

....

पीएम योग उद्धरण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से नियमित रूप से योग करने का आग्रह किया है। एक संस्कृत श्लोक साझा करते हुए उन्होंने कहा कि योग के नियमित अभ्यास से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर संतुलित, स्वस्थ और ऊर्जावान जीवन जिया जा सकता है।

....

वाइब्रेंट विलेज

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम 2026 के तहत देश भर से आए करीब एक सौ युवा एक सप्ताह तक हिमाचल प्रदेश और खासतौर किन्नौर की संस्कृति, रहन सहन, खानपान, विरासत, रणनीतिक महत्व व परंपराओं से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत संचालित माई भारत द्वारा किया गया है। किन्नौर के इस भ्रमण के दौरान युवाओं को यहां के अलग अलग गांवों में जाकर स्थानीय लोगों,पंचायतों, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों से मिलने का अवसर भी मिलेगा। "विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का शुभारंभ रिकांगपिओ में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस के बेस कैंप में हुआ। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में बिहार, दमन व दीव, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं।

विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम का उद्देश्य सीमावर्ती गांवों के समग्र विकास, स्थानीय संस्कृति के संरक्षण, युवाओं की सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका को प्रोत्साहित करना है।

....

रेहड़ी फड़ी यूनियन

शिमला में एक तहबाजारी की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सीटू से संबंधित रेहड़ी फड़ी तहबाजारी यूनियन ने आज शिमला में उपायुक्त कार्यालय के बाहर आज इस मुद्दे पर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन का आरोप है कि नगर निगम की कार्रवाई व कर्मचारियों द्वारा पैदा किए गए खौफ के कारण इस तहबाजारी की मौत हुई है। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के तहत रेहड़ी फड़ी वालों को देश में कहीं पर भी काम करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि 31 मई को नगर निगम की कार्रवाई के दौरान चंदन नामक विक्रेता गंभीर घायल हो गए और पिछले कल उनकी मौत हो गई।

....

मक्की बीज

प्रदेश में कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत किस्म का मक्की बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। राज्य के कई जिलों में मक्की की बिजाई का दौर शुरू होना वाला है और 15 जून से अधिकांश क्षेत्रों में मक्की की बिजाई की जाएगी। सिरमौर जिले की 40 हज़ार तीन सौ 32 हेक्टेयर भूमि पर मक्की की खेती की जाती है और जिले के किसानों को लगभग चार सौ 80 मीट्रिक टन मक्की बीज उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिला कृषि उपनिदेशक साहब सिंह ने बताया कि जिन स्थानों पर कृषि विभाग के बिक्री केंद्र नहीं है वहां एक सौ 60 लोगों को बीज लाइसेंस दिए गए हैं।

....